उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–1265/25 दिनांक–05.02.25

अनुस्मारक–2

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय–समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों (डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन लैबोरेटरी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) की परीक्षाऐं फरवरी/मार्च–2025 में आयोजित होने वाली माह अप्रैल–2025 में मुख्य/पूरक (Supplementary) परीक्षा सम्पन्न किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि कार्यालय के पत्र **संख्या–400/25 दिनांक 17.01.2025** एवं **संख्या–711/25 दिनांक 27.01.2025** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में आपको पुनः अवगत कराना है समस्त जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों (डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन लैबोरेटरी टेक्नीशियन व डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) की परीक्षाऐं फरवरी/मार्च–2025 में आयोजित होने वाली मुख्य/पूरक (Supplementary) परीक्षाऐं माह **अप्रैल–2025** में सम्पन्न करायी जायेंगी।

उक्त के क्रम में माह **अप्रैल–2025** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जी0एन0एम0 (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष), ए0एन0एम0 (प्रथम व अन्तिम वर्ष) एवं पैरामेडिकल (प्रथम व अन्तिम वर्ष) के सभी अर्ह छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही निम्नानुसार दिनांक **15 फरवरी, 2025** तक जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी दशा में शुल्क जमा करना सम्भव नहीं होगा। निर्धारित तिथि के अन्दर अर्ह छात्र/छात्राओं की परीक्षा शुल्क न जमा होने पर परीक्षा से वंचित होने वाले छात्र/छात्राओं की जिम्मेदारी स्वयं संस्थान की होगी।

नोटः–परीक्षा शुल्क सिर्फ ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा किया जायेगा। अन्य किसी भी माध्यम से परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क सम्बन्धी विवरण –

- **नर्सिंग प्रशिक्षण (जी0एन0एम0/ए0एन0एम0)**

  जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 परीक्षा शुल्क – रू0 3,500.00 प्रति छात्र/छात्रा की दर से।

- **पैरामेडिकल प्रशिक्षण–**

  पैरामेडिकल परीक्षा शुल्क – रू0 2500.00 प्रति छात्र/छात्रा की दर से।

.........02

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु लिंक इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर जाकर **UPSMF - Online Fee Portal** पर क्लिक कर **UPSMF AFFILIATED COLLEGE PORTAL** से या **https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPSMFCollege** के माध्यम से जमा करें।

परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् निम्नलिखित संलग्नकों के साथ इस कार्यालय में स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही भेजना सुनिश्चित करें–

1. **प्रथम वर्ष के इनरोल्ड अभ्यर्थियों की सूची।**
2. **प्रथम वर्ष के इनरोल्ड अभ्यर्थियों का शपथ–पत्र पूर्व की भांति।**
3. **अर्ह अभ्यर्थियों की ऑनलाइन जमा करायी गयी परीक्षा शुल्क की रसीद एवं अपलोड की गई प्रमाणित सूची।**

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् शुल्क को जमा नहीं कराया जायेगा। शुल्क एवं सूची के अभाव में कार्यालय द्वारा परीक्षा कराना सम्भव नहीं होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशिक्षण केन्द्र की होगी। परीक्षा सम्बन्धी किसी भी लापरवाही पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

सूचनाः–यदि आप भुगतान मोड चालान (एनईएफटी/आरटीजीएस) का चयन कर रहे हैं। यह अनिवार्य है कि आप सेवा शुल्क के साथ कुल शुल्क राशि का भुगतान करें। अंकित कुल धनराशि जो कि सर्विस चार्ज जोड़कर दिया गया है, जिसमें पैसों भी सम्मिलित होते हैं, का भुगतान दिनांक 15.02.2025 तक Banking Hours में कराया जाना सुनिश्चित करें। चालान में अंकित धनराशि से कम भुगतान करने की दशा में बैंक द्वारा आपकी धनराशि रिजेक्ट कर दी जायेगी एवं जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र का ही होगा। इसलिए पूर्ण भुगतान करना सुनिश्चित करें।

ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नांकित सम्पर्क सूत्रों से प्रातः 10:00 से सांय 05:00 बजे के मध्य ही सम्पर्क किया जा सकता है –

1. श्री रवि सिंह – 9648493888
2. श्री देवाशीष मिश्रा – 9616144204
3. श्री अभिनय पटेल – 9712942974

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।